सचो सतराम



सुहिणो कंवरराम





आरोग्यसेवा–केंद्र

आध्यात्मिक–केंद्र

व्यसनमुक्ति–केंद्र

परमार्थ–केंद्र

गौसेवा–केंद्र

सांस्कृतिक–केंद्र

ध्यान–योग–केंद्र

सामाजिक–केंद्र

## सन्त सख़ी बाबा आसूदाराम साहिब जी

JAI SAKHI BABA
युक्ति भक्ति मुक्ति
SSA SAR
SHIV SHANTI SANT ASUDARAM ASHRAM, LUCKNOW

# समाज की आस्था का केंद्र

# शिव शान्ति सन्त आसूदाराम आश्रम, लखनऊ

# शिव शांति आश्रम के सेवा संकल्प

1. आध्यात्मिक एवं धार्मिक सेवा
   - गुरु ग्रंथ साहिब का पठन
   - संतों के जयंती–निर्वाण महोत्सव
   - भजन–कीर्तन–प्रवचन
   - नितनेम सत्संग
   - गुरुवाणी का प्रचार
   - ध्यान–दर्शन

2. सामाजिक सेवा
   - सामाजिक एकता
   - नारी कल्याण सेवा
   - स्वरोजगार हेतु सेवा एवं प्रशिक्षण की व्यवस्था
   - स्वच्छता अभियान
   - सामूहिक विवाह

3. सांस्कृतिक सेवा
   - यज्ञोपवीत (जनेऊ) संस्कार
   - साहित्य–संस्कृति–संस्कार संग्रहण
   - सिंधी एवं गुरुमुखी भाषा का प्रशिक्षण
   - नववर्ष की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक मंचीय प्रस्तुति
   - संगीत प्रशिक्षण

4. आरोग्य सेवा
   - संत बाबा आसूदाराम धर्मार्थ आरोग्य धाम
   - संत कँवरराम आरोग्य धाम (माता गंगादेवी प्रसूति–गृह)
   - विभिन्न स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन

5. परमार्थ सेवा
   - निराश्रितों हेतु आश्रय
   - आपदाग्रस्तों की सेवा
   - मासिक वित्तीय/अनाज सेवा
   - वृध्दाश्रम
   - रैन बसेरा
   - निर्धन कन्या विवाह

6. गौ सेवा
   - आश्रम स्थित गौशाला में गौ सेवा
   - विभिन्न शहरों में स्थापित गौशालाओं की आर्थिक सहायता

7. व्यसनमुक्ति सेवा
   - आश्रम में दीक्षा नियमों के तहत सभी गुरु भाई–बहनों के लिए माँस, मदिरा जुआ, हिंसा, चोरी एवं व्यभिचार को त्यागना आवश्यक है।

8. ध्यान योग सेवा
   - अभ्युदय योग केंद्र (योग गुरु बाबा रामदेव प्रणीत)



मर्यादा पुरुषोत्तम सन्त सांई चान्डूराम साहिब जी
शिव शान्ति आश्रम के संस्थापक

# पूज्य दरबार साहिब (पन्नो आकिल, सिन्ध) की स्थापना


पूज्य ड॒वरी साहिब


पूज्य दरबार साहिब


पूज्य सखी बाबा जी के साथ
पूज्य बाबा साई

सिंधु सभ्यता विश्व की प्राचीन सम्यता मानी जाती है। सिंधु नदी के तट पर चारों वेदों की रचना हुई थी। सिंध प्रांत संतों, महात्माओं व ऋषियों का पावन स्थान रहा है। सभ्यता, संस्कृति, सदाचार के लिए विख्यात संगीत मर्मज्ञ संत शिरोमणी सद्‌गुरु सतराम दास साहिब जी की जन्मस्थली गांव रहिड़की का नाम हिन्द–सिन्ध में मशहूर है जो वर्तमान में सिध प्रांत के जिला घोटकी में स्थित है।

संत सतरामदास साहिब के परम शिष्य अमर शहीद संत कँवरराम साहिब हुए। अपने सद्‌गुरु की प्रेरणा से संत कँवरराम साहिब जी विश्व बन्धुत्व, सांप्रदायिक सौहार्द, सत्य, अहिंसा, त्याग, सेवा एवम् आत्म चेतना का संदेश जन–जन तक पहुचाँने का कार्य जीवनपर्यन्त करते रहे। संत कँवरराम साहिब जी के परम शिष्य सखी़ बाबा आसूदाराम साहिब जी हुए, जिन्हें संत कँवरराम साहिब ने पन्नो आकिल में दरबार साहिब स्थापित कर आध्यात्मिक अलख जगाने की आज्ञा दी थी। सन 1939 में पन्नो आकिल, सिंध में पूज्य दरबार साहिब की स्थापना हुई, जहाँ सखी़ बाबा आसूदाराम जी बीस वर्षो तक नितनेम सत्संग के साथ–साथ समाज सेवा एवम् जनहित के कार्य करते रहे। पूज्य सखी़ बाबा जब 1960 में ब्रह्मलीन हुए, उस समय उनके सुपुत्र साई चाण्डूराम जी की आयु केवल 13 वर्ष थी। पूज्य सखी़ बाबा की समाधि (ड॒वरी साहिब) का निर्माण पूज्य दरबार साहिब के परिसर में ही किया गया। पूज्य रहिड़की साहिब के संत साई चंदीराम साहिब ने बालक साई चाण्डूराम जी को आसन विराजमान करते हुए, उन्हें पूज्य दरबार साहिब एवं पूज्य ड॒वरी साहिब की परंपरा आगे बढ़ाने की सत्प्रेरणा दी।

# पूज्य आश्रम साहिब की स्थापना



भारत–पाक विभाजन के समय सखी़ बाबा के बहुत से अनुयायी भारत में विस्थापित हो चुके थे, जिनके निवेदन को स्वीकार करके बाबासांई चाण्डूराम जी कई बार भारत की यात्रा कर चुके थे। भारत के अनुयायियों द्वारा लखनऊ में आश्रम की स्थापना हेतु विनती करने पर बाबासांई जी ने अपनी स्वीकृति प्रदान की।

आश्रम साहिब के लिए वही स्थान चुना गया जहाँ पर वर्ष 1960 में भारत आगमन पर सखी़ बाबा जी ने ध्यान किया था। वर्ष 1977 में बाबासांई जी की पावन उपस्थिति में भूमि–पूजन संपन्न हुआ। वर्ष 1979 में बाबासांई जी का स्थायी रुप से भारत आगमन हुआ। सद्‌गुरु संत कँवरराम साहिब जी ने सखी़ बाबा जी को शिवस्वरूप की उपाधि से अलंकित किया था, इसलिए बाबासांई द्वारा आश्रम साहिब का नाम शिव शांति संत आसूदाराम आश्रम रखा गया। 3 सितंबर, 1979 के दिन संत कँवरराम साहिब जी के सुपुत्र साईं पेशूराम जी के करकमलों से शिव शांति संत आसूदाराम आश्रम का उद्‌घाटन संपन्न हुआ।





पूज्य दरबार साहिब



पूज्य कुटिया साहिब

शिव शांति संत आसूदाराम आश्रम में दरबार साहिब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की स्थापना हुई तथा कुटिया साहिब में सच्चे सांई सतराम दास साहिब, अमर शहीद संत कँवरराम साहिब एवं सखी़ बाबा आसूदाराम साहिब की दर्शन साहिब की स्थापना हुई। उसी दिन से प्रारम्भ होकर अखंड पाठ साहिब के साथ ही सखी़ बाबा जी का निर्वाण महोत्सव प्रतिवर्ष मेले के रुप में मनाया जाता है। निर्वाण महोत्सव में भारतवर्ष के विभिन्न प्रदेशों तथा सिंध प्रान्त से आकर अनुयायी बाबा सांई के आशीर्वचनों को प्राप्त कर धन्यता का अनुभव करते हैं। शिव शांति संत आसूदाराम आश्रम अपने भव्य स्वरूप में आज सर्व समाज तथा विशेषकर हिन्द–सिन्ध के संपूर्ण सिंधी समाज के लिए एक आध्यात्मिक, सांस्कृतिक तथा सामाजिक आस्था का केंद्र है। सन्त श्री चाण्डूराम साहिब जी के सत्संग एवं सेवाकार्यो द्वारा समाज में आध्यात्मिक चेतना एवं सांस्कृतिक मूल्यों की स्थापना हो रही है।



# शिव शांति आश्रम : गतिविधियाँ एवं सेवाएँ

पूज्य बाबासांई चाण्डूराम साहिब जी के मार्गदर्शन में सुपुत्र सांई मोहनलाल जी एवं सांई हरीशलाल जी की कृपा सान्निध्य में शिव शांति आश्रम में दैनिक एवं वार्षिक गतिविधियाँ तथा विभिन्न क्षेत्रों में सेवा कार्य निरंतर हो रहे हैं।

## क. दैनिक गतिविधियाँ एवं सेवाएँ :

1. **ब्रह्म मुहुर्त में ध्यान, योग एवं प्रवचन :–** अमृतवेले प्रात: 4 बजे शंखनाद के साथ ही आश्रमवासियों की दिनचर्या का शुभारंभ होता है। सभी आश्रमवासी उन्हें सौंपी गई सेवानुसार अपनी–अपनी सेवाओं में जुट जाते हैं। संत कँवरराम साहिब की अलौकिक वाणी में गाए गए भजनों की मधुर स्वर लहरियों से आश्रम साहिब का हर कोना गुंजायमान हो उठता है। सुबह 6.00 बजे मंगला आरती के बाद पूज्य बाबासांई जी के सान्निध्य में ध्यान योग के साथ दिन का शुभारम्भ होता है।



2. **योगाभ्यास :–** प्रात :काल में बाबा रामदेव प्रणीत पतंजलि योग–पीठ की परंपरा के अनुरूप अभ्युदय योग केंद्र द्वारा तीन सत्रों में योगाभ्यास करवाया जाता है। इस योगाभ्यास में आश्रमवासियों के साथ–साथ लखनऊ शहरवासी भी सम्मिलित होते हैं।



3. **नितनेम सत्संग :–** सुबह 9 से 12 बजे आसादीवार साहिब तथा शाम 7 से 9 बजे रहिरास साहिब के साथ पूज्य बाबासांई जी के सान्निध्य में मंगला–आरती, सखी़ बाबा की धुनी साहिब, भजन, श्री गुरु ग्रंथ साहिब का पठन, पूज्य बाबासांई के सत्संग प्रवचन एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम संपन्न होता है।



4. **भंडारा साहिब :–** आश्रम साहिब में अनवरत् चलने वाले भण्डारे में आश्रमवासी तथा अतिथिगण भोजन प्रसाद ग्रहण करते हैं।





5. गौ सेवा :– सखी बाबा जी ने अपना सम्पूर्ण जीवन गौ सेवा में समर्पित किया था। उन्हीं की परम्परा एवं प्रेरणा से पूज्य बाबासांई जी नित्य ही आश्रम साहिब के परिसर में स्थित गौशाला जाकर गौ माताओं की सेवा का निरीक्षण करते हैं। इस पवित्र संकल्प एवं सेवा संस्कार को पूज्य बाबासांई जी अपने पौत्र आनंदलाल, शुभमलाल एवं अनुयायियों को संचारित कर रहे है।

6. विचार विमर्श :– सामाजिक एवं परिवारिक सुख शान्ति एवं समृद्धि हेतु आश्रम में पधारे बुध्दिजीवियों, समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ विचार–विमर्श एवं पीड़ित व्यक्तियों से मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान करना व दिशानिर्देश देना पूज्य बाबासांई की दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा है। बाबासांई प्रत्येक रविवार को अभ्युदय योग केंद्र के लाभार्थियों को शारीरिक संयम, मन की एकाग्रता के सूत्रों से परिचित करवाते है।







7. आरोग्य सेवा :–आश्रम साहिब द्वारा संचालित संत बाबा आसूदाराम आरोग्य धाम तथा संत कँवरराम आरोग्य धाम में नियमित रूप से, व्याधि पीड़ित व्यक्तियों का बिना भेदभाव के प्रतिष्ठित डॉक्टरों द्वारा उपचार किया जाता है। इस तरह की आरोग्य सेवाएँ पन्नो आकिल (सिन्ध) तथा प्रयागराज सहित देश के 20 नगरों में भी आश्रम साहिब के धर्मार्थ चिकित्सालयों द्वारा नियमित रूप से होती हैं।

8. ग्रंथालय :– सम्पूर्ण व्यक्तित्व के विकास के लिए आश्रम साहिब में एक समृद्ध पुस्तकालय है। जहाँ धार्मिक, आध्यात्मिक एवं साहित्यिक पुस्तकें हिन्दी, सिंधी, गुरुमुखी एवं अंग्रेजी भाषा में उपलब्ध हैं। साहित्य तथा ज्ञान के अभिलाषी एवं पाठक इसका नित्य लाभ ले रहे हैं।



9. सन्त कँवर राम संगीतालय : इसके अन्तर्गत प्रमुख रुप से गीत संगीत एवं वाद्‌य यंत्रो का नियमित रुप से प्रशिक्षण दिया जाता है। इसका लक्ष्य संगीत के माध्यम से नई पीढ़ी में चेतना, संवेदना एवं शुद्ध भावनाओं का संचार करना है जिससे वे कर्तव्यों का उचित निर्वहन कर सकें।



10. **संस्कारशाला :** पूज्य बाबासांई के आचरण और व्यवहार से आश्रमवासियों एवं अनुयायियों को सहज ही अनुशासित, व्यवस्थित एवं स्वच्छतापूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है। बाबासाई सभी को संस्कार प्रदान कर उनमें दैवी गुणों का संचार करते हैं जिससे उनमें आत्मबोध एवं आत्मचेतना का प्रसार हो।

## ख. साप्ताहिक सेवाएँ

1. **योग लाभार्थियों से भेंट :–** हर सप्ताह रविवार की सुबह अभ्युदय योग केंद्र के सभी लाभार्थियों को पूज्य बाबासांई के प्रत्यक्ष दर्शन एवं उनकी सत्संग वाणी को हिन्दी में सुनने का लाभ मिलता है।

2. **स्वच्छता सेवा :–** आश्रम साहिब में बिल्डिंग–ए, बी, सी, डी तथा सत्संग हाल के मध्य भाग में विशाल मुक्त महल है। आश्रम साहिब का परिसर लगभग एक लाख वर्ग फुट है, जिसमें प्रत्येक बिल्डिंग की साफ–सफाई बारी–बारी से सप्ताह के निश्चित दिन सेवादारी भाइयों–बहनों द्वारा होती है।

## ग. मासिक सेवाएँ

1. **चतुर्दशी (चौ॒डस साहिब) की रात्रि जागरण का कार्यक्रम :–** हर महीने चतुर्दशी की रात को चौ॒डस साहिब का कार्यक्रम जागरण स्वरूप होता है। इसमें लखनऊ के साथ ही विभिन्न शहरों के हजारों प्रेमी शामिल होते हैं। सारी रात चलने वाले इस कार्यक्रम में अनेक साधु, संत एवं भगतों द्वारा भजन कीर्तन होता है तथा अमृतवेला में पूज्य बाबासाई के सत्संग–प्रवचन के साथ यह सर्वधर्म सभा चौ॒डस साहिब, पूर्णिमा की सुबह संपन्न होती है।



2. **सहाओ सोमवार :–** हर महीने चंद्र दर्शन के बाद आने वाले सोमवार को सख़ी बाबा के जन्म दिवस सहाई सोमवार (साओ सूमर) के रुप में मनाया जाता है। इस दिन संगत को पूज्य बाबासांई जी के विशेष सत्संग तथा आशीर्वचन की प्राप्ति होती है।

3. **आर्थिक सेवा :–** हर महीने सहाओ सोमवार को विशेष रुप से ज़रूरतमंद बहनों की आर्थिक सेवा होती है।

4. **गुरुमाता दयालीदेवी आरोग्य सेवा :–** गुरुमाता दयाली देवी जी की पुण्यस्मृति में विभिन्न डॉक्टरों द्वारा महिलाओं हेतु आरोग्य संबंधित जाँच एवं उपचार की सेवा हर माह की 11 तारीख को नियमित रूप से होती है।

# पूज्य आश्रम साहिब में पधारे संतजन


श्री श्री रविशंकर जी


स्वामी बाबा रामदेव जी


संत राजेन्द्र सिंह जी


संत मोरारी बापू जी


स्वामी सत्यमित्रानंद जी


संत आशाराम बापू जी


संत जितेन्द्र नाथ जी


डा. प्रणव पाण्ड्या जी


स्वामी सनातन श्री जी


सुधांशु महाराज जी


नामधारी संत दिलीप सिंह जी


संत मिस्कीन सिंह


योगी आदित्यनाथ जी


संत बाबा रामसिंह जी


देवकीनंदन ठाकुर जी

# पूज्य आश्रम साहिब में पधारे संतजन


सांई साधराम जी


सांई युधिष्ठिर लाल जी


दादा जे.पी. वासवानी जी


स्वामी भगत प्रकाश जी


सांई कालीराम जी


सांई नारायण भजन जी


स्वामी जयेन्द्र सरस्वती जी


स्वामी देव प्रकाश जी


स्वामी विवेकानन्द जी


डां स्वामी शिशुपाल शर्मा जी


आनन्दमूर्ति गुरु माँ


माता अमृतानंदमयी माँ


सांई गंगादास एवं दादा लक्ष्मण दास


सांई श्रीचन्द्र जी


डा. दयाल आशा जी

## घ. वार्षिक सेवाएँ एवं आयोजन

1. **सखी़ बाबा जी का निर्वाण महोत्सव :–** आश्रम साहिब का यह एक प्रमुख वार्षिक कार्यक्रम है। हर वर्ष अनंत चतुर्दशी के पावन अवसर पर सखी़ शहंशाह बाबा आसूदाराम साहिब जी का निर्वाण महोत्सव चार दिन तक भक्ति भाव से मनाया जाता है। इस अवसर पर हिन्द–सिंध से धार्मिक स्थलों के पीठासीन महंतगण, संत, महात्मा, गुणी, ज्ञानी, पंचायतों के प्रतिनिधि, साहित्यकार तथा सखी़ बाबा के प्रेमीजन हजारों की संख्या में शामिल होकर इस महोत्सव की भव्यता और भी बढ़ा देते हैं।



2. **संत बाबा आसूदाराम साहिब जी की जयंती एवं आदर्श सिंधी सामूहिक विवाह महोत्सव :–** सखी़ बाबा जी के वार्षिक जन्मोत्सव के रूप में हर वर्ष राम नवमी (भगवान श्री राम के प्राकट्य पर्व) के शुभ अवसर पर शांति कुंज, हरिद्वार के पुरोहितों की उपस्थिति में सिंधी समाज हेतु आदर्श सिंधी सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर नव दम्पत्तियों को गृहस्थी के लिए आवश्यक मूलभूत वस्तुएँ आश्रम साहिब की ओर से उपहार स्वरूप प्रदान होती हैं।



3. **संत कँवरराम जयंती महोत्सव एवं सामूहिक जनेऊ संस्कार :–** वैसाखी के शुभ दिन संत कँवरराम जयंती महोत्सव के साथ ही हर वर्ष शांति कुंज, हरिद्वार के पुरोहितों की उपस्थिति में आश्रम साहिब की ओर से सामूहिक यज्ञोपवीत (जनेऊ) संस्कार का आयोजन बड़ी धूमधाम से होता है।

4. **आरोग्य सेवा :–** हर वर्ष 11 जनवरी को (पूज्य गुरुमाता दयाली देवी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर) नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन होता है, हर जाति, धर्म के सैंकड़ों लोग इस शिविर का लाभ उठाते हैं। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले महोत्सवों के दौरान रक्त–दान तथा वात, मधुमेह, दमा एवं पथरी आदि से संबंधित आरोग्य–शिविरों का आयोजन होता है।



5. **सांस्कृतिक संध्या:–** वर्ष 2000 में पूज्य बाबासांई जी के ज्येष्ठ सुपुत्र साईं मोहनलाल जी के द्वारा सखी़ बाबा युवा मंडल का गठन किया गया। नववर्ष की पूर्व संध्या को इस मंडल द्वारा आयोजित सांस्कृतिक संध्या में लखनऊ के साथ–साथ भारत वर्ष के विभिन्न शहरों से आये युवा सम्मिलित होते हैं। 31 दिसंबर की रात को आयोजित इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिन्दू धर्म संस्कृति को रेखांकित करनेवाले लोक नृत्य, नृत्य नाटिकाएें तथा लघु नाटिकाओं का समावेश होता है। संगत को विशेष रूप से पूज्य बाबासांई जी का आशीर्वचन मिलता है। समाज में सुसंस्कार प्रचारित करने का यह एक अनूठा उपक्रम है।




6. **संत कँवरराम रैन बसेरा:–** उत्तर भारत में नवंबर से फरवरी तक अत्यंत सर्द मौसम होता है। इस अवधि में आश्रम साहिब की ओर से संत कँवरराम रैन बसेरा का निर्माण आश्रम के समीप लखनऊ के नहरिया क्षेत्र में होता है। इस रैन बसेरे में निराश्रित मजदूर वर्ग को ठिठुरती ठंड में आश्रय के साथ ही चाय एवं भोजन प्रसाद के वितरण की भी व्यवस्था होती है।



7. **गुरु पूर्णिमा :–** हर वर्ष जुलाई महीने में गुरु पूर्णिमा उत्सव होता है। इस उत्सव में पूरे भारत से हजारों की संख्या में गुरु भगत/बहनें आकर सम्मिलित होते हैं। आश्रम में गुरु भगत/बहनों की वार्षिक सभा का आयोजन होता हैं, जिसमें पूज्य बाबासांई जी का व्यासपीठ पर विशेष दर्शन एवं गुरु पूर्णिमा सत्संग प्रवचन व संदेश का लाभ संगत को प्राप्त होता है।



8. **सख़ी बाबा जी का चालीहा साहिब :–** श्रावणी चंद्र दर्शन से चालीस दिन चलने वाले पूज्य सख़ी चालीहा साहिब के दौरान हिन्द–सिंध में हजारों श्रध्दालुओं द्वारा चालीस



दिन का व्रत रखा जाता है तथा पूज्य सख़ी बाबा जी की धुनी साहिब के अखंड पाठ साहिब के साथ विशेष सत्संग का आयोजन होता है। इस पावन पर्व के पूर्ण होने पर सख़ी बाबा निर्वाण महोत्सव प्रारंभ होता हैं।

9. **अन्य आयोजन :–** उपरोक्त आयोजनों के साथ, आश्रम साहिब में हर वर्ष लगभग 40 प्रकार के विविध आयोजन होते हैं।





























(क) आपदाओं के समय सेवा :– बाढ़–भूकंप, आँधी–तूफान या युध्द की विभीषिका जैसी आकस्मिक आपदाएँ जब भी देश के किसी भाग में घटित होती हैं, तब आश्रम साहिब द्वारा यथाशक्ति अन्न, वस्त्र, दवा तथा धन की सेवा होती है।

(ख) सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन :– पगड़ी रस्म, सामाजिक सभाओं के आयोजन के लिए आश्रम साहिब परिसर का सद्पयोग करके समाज लाभान्वित हो रहा है।

(ग) सेमिनार तथा वर्कशाप का आयोजन :– सिंधी साहित्यकारों के सेमिनार के आयोजन तथा भारतीय प्रशासनिक सेवा (आई.ए.एस) में सिंधी भाषा को लेकर शामिल होने के लिए राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद द्वारा आई.ए.एस अभ्यर्थियों के लिए वर्कशाप का आयोजन पूरी सुविधाओं के साथ समय–समय पर आश्रम साहिब के परिसर में होता है।



# शिव शांति आश्रम द्वारा स्थापित सेवा समितियाँ

## संत बाबा आसूदाराम सेवा समितियाँ

सन 1995 में सख़ी बाबा आसूदाराम साहिब के जन्म–शताब्दी वर्ष में संत बाबा आसूदाराम सेवा समितियों के गठन का श्रीगणेश किया गया। हिन्द–सिंध के शहरों में गठित लगभग 60 समितियाँ प्रमुख रूप से पाँच कार्य करती हैं।









1. सत्संग सेवा :– हर सोमवार तथा महीने के सहाओ सोमवार के दिन सभी स्थानीय गुरु भगत परिवारों का सत्संग एवं मेल मिलाप।
2. जल सेवा :– नगर के सार्वजनिक स्थलों पर शीतल जल सेवा केंद्र स्थापित करने की सेवा।
3. अन्न सेवा :– ज़रूरतमंद, निर्धन तथा स्वाभिमानी परिवारों की गुप्त स्वरूप में सेवा।



4. आरोग्य सेवा :– संत बाबा आसूदाराम धर्मार्थ होम्योपैथिक चिकित्सा केंद्रों की स्थापना एवं संचालन की सेवा।
5. विविध सेवाएं :– ज़रूरतमंद परिवारों हेतु महँगे एवं असाध्य रोगों का निदान, कन्या विवाह, शिक्षण, रोजगार के साधन तथा विभिन्न स्वास्थ्य चिकित्सा के शिविरों हेतु सेवा करना।






## शिव शान्ति आश्रम द्वारा संचालित सेवा समितियाँ

अमर शहीद सन्त कँवरराम मिशन
सन्त बाबा आसूदाराम सेवा समिति
पूज्यनीय माता साहिब बैंसर देवी महिला मंडल
सखी बाबा युवा मंडल
हर्षा बालिका मंडल

### प्रमुख आस्थान

पूज्य दरबार साहिब एवं डेवरी साहिब, पन्नोआकिल (सिंध)
शिव शांति संत आसूदाराम आश्रम, लखनऊ (उ.प्र.)
पूजनीया माता साहिब बैंसरदेवी आस्थान, दतिया (म.प्र.)
संत आसूदाराम सत्संग भवन (20 शहरों में)

## संत कँवरराम मिशन, भारत

अमर शहीद संत कँवरराम साहिब शताब्दी जन्मोत्सव वर्ष 1985 हेतु अमरावती में आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर सांई चाण्डूराम साहिब जी ने विचार व्यक्त किया कि भारत वर्ष में संत कँवरराम साहिब से जुड़े अलग–अलग कार्यरत मंडलों को एक सूत्र में पिरोया जाए, तब यह सामुहिक शक्ति एक बहुत बड़े प्रयोजन को सिध्द करने में सहायक हो सकती है। यहीं से संत कँवरराम मिशन का बीज बोया गया, जो कि आज






एक वट वृक्ष के रुप में हिन्द–सिंध में बड़े पैमाने पर सेवारत है। इसी मिशन के अंतर्गत सन 2000 में अमर शहीद संत कँवरराम सेवा मंडल की स्थापना की गई। इस मंडल के माध्यम से की जा रही सेवाओं का विवरण इस प्रकार है। 1. स्वरोजगार सेवा, 2.शिक्षण सेवा, 3.उपचार सेवा, 4. वैवाहिक सेवा, 6. जनेऊ, यज्ञोपवीत संस्कार सेवा, 7. साइकिल सेवा, 8. सिलाई मशीन सेवा, 9.रजाई/कम्बल वितरण सेवा, 10. अन्य सेवाएँ। सन 2001 में स्थापित संत कँवरराम मिशन के अन्तर्गत सारे भारत के संत कँवरराम के नाम से सेवारत सेवा मंडल एवं संस्थाओं को एक सूत्र में पिरोया गया है,





जिसके माध्यम से संत कँवरराम साहिब के जन्मोत्सव, निर्वाण महोत्सव, जीवन दर्शन का प्रचार प्रसार, विद्यालय, चिकित्सालय तथा अन्य सामाजिक सेवा के कार्य संपन्न किए जाते हैं। संत कंवरराम साहिब जी के 125वें जयंती–वर्ष 2010 में महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभाताई पाटील के द्वारा संत कंवरराम साहिब जी का डाक–टिकट राष्ट्रपति भवन में जारी किया गया।



## सखी़ बाबा युवा मंडल

सन 2000 में सांई चाण्डूराम साहिब के ज्येष्ठ सुपुत्र सांई मोहनलाल के द्वारा सखी़ बाबा युवा मंडल का गठन किया गया। समाज में सुसंस्कार प्रचारित करने हेतु नववर्ष की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक मंचीय प्रस्तुति जैसे अनूठे कार्यक्रमों का संचालन इस युवा मंडल द्वारा होता है। इस मंडल का युवा वर्ग आश्रम साहिब के सभी महोत्सवों में सेवाकार्य हेतु सक्रिय रहता है तथा विशेष रूप से मंडल के 4 नौजवान भाई प्रत्येक रात्रि 10 बजे से सुबह 5 बजे तक आश्रम साहिब की गेट सेवा, आगंतुक सेवा तथा सफाई सेवा में सम्मिलित रहते हैं।





## हर्षा बालिका मंडल

हर्षा बालिका मंडल के अंतर्गत वर्ष भर बाल संस्कार शिविर, विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियाँ तथा सत्संग कार्यक्रमों का आयोजन होता है।



सांई शुभम लाल

सांई आनन्द लाल

# आश्रम साहिब में मनाये जाने वाले पर्व

| | | |
|---|---|---|
| जनवरी | 1 | नये साल की पहली शाम सख़ी बाबा के नाम |
| | 2 | वर्सी साईं चांदूराम साहिब (घोटकी) |
| | 3 | वर्सी साईं सतरामदास साहिब |
| | 4 | जयन्ती श्री गुरू गोबिन्द सिंह जी महाराज |
| | 5 | पूज्य गुरूमाता दयाली देवी जी के निर्वाण दिवस पर नि:शुल्क चिकित्सा शिविर (मेगा कैम्प) |
| मार्च | 6 | महाशिवरात्रि |
| | 7 | फूलों की होली (योग परिवार) |
| | 8 | होली मिलन (धूड़ियो) |
| अप्रैल | 9 | श्री झूलेलाल जयन्ती (चेट्रीचण्ड्र उत्सव) |
| | 10 | जयन्ती सख़ी बाबा आसूदाराम साहिब, आदर्श सिन्धी सामूहिक विवाह (रामनवमी) |
| मई | 11 | जयन्ती सन्त कँवरराम साहिब, (सामूहिक जनेऊ संस्कार) |
| | 12 | मातृ दिवस (अभ्युदय योग केन्द्र द्वारा) |
| जून | 13 | अभ्युदय उत्सव (योग परिवार वार्षिक कार्यक्रम) |
| | 14 | निर्वाण महोत्सव पूज्यनीया माता साहिब आस्थान, दतिया, (म.प्र.) |
| | 15 | मानस योग साधना द्वारा आरोग्य शिविर (मेरठ द्वारा) |
| | 16 | शिलान्यास दिवस (पूज्य शिव शांति आश्रम साहिब) |
| | 17 | आई.ए.एस. वर्कशाप |
| जुलाई | 18 | दमा, श्वांस, एलर्जी एवं पथरी का नि:शुल्क आयुर्वेदिक शिविर (पूज्य चोड्स साहिब) |
| | 19 | गुरू पूर्णिमा (व्यास पूजा) |
| | 20 | पूज्य सख़ी चालीहा साहिब का आरम्भ |
| अगस्त | 21 | रक्षाबन्धन |
| | 22 | आर्ट आफ लिविंग द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव |
| | 23 | श्री कृष्ण जन्माष्टमी |
| | 24 | पूज्य बाबा साईं जी का जन्मोत्सव |
| | 25 | वर्सी साईं बहरूराम साहिब जी (घोटकी) |
| | 26 | श्री कृष्ण छठी उत्सव(कृष्ण लीलाएंएवं नृत्य) |
| सितम्बर | 27 | निर्वाण महोत्सव सन्त सख़ी बाबा आसूदाराम साहिब जी |
| | 28 | महालक्ष्मी सगड़े की पूजा |
| | 29 | श्राद्ध (सन्त सख़ी बाबा आसूदाराम साहिब जी) |
| अक्टूबर | 30 | दशहरा, सामूहिक मुण्डन संस्कार सख़ी गरबा डांडिया/छेज उत्सव |
| | 31 | करवा चौथ |
| | 32 | साईं शदाराम साहिब का छठी उत्सव |
| | 33 | वर्सी साईं वसण घोट साहिब (रोहड़ी) |
| | 34 | शुभ दीपावली |
| नवम्बर | 35 | अमर शहीद साईं कँवरराम साहिब शहीदी दिवस |
| | 36 | साप्ताहिक प्रभातफेरी, पाठ साहिब आरम्भ (जयन्ती श्री गुरु नानक देव जी महाराज) |
| | 37 | दमा, श्वांस, एलर्जी एवं पथरी का नि:शुल्क आयुर्वेदिक शिविर (पूज्य चोड्स साहिब) |
| | 38 | जयन्ती श्री गुरूनानक देव जी महाराज (भोग साहिब) |
| | 39 | वर्सी साईं केवलराम साहिब (ड्हरकी) |
| दिसम्बर | 40 | वर्सी साईं चांदूराम साहिब (घोटकी) |
| | 41 | वर्सी साईं वलीराम साहिब जी (पन्नो आकिल) |
| | 42 | सांस्कृतिक संध्या (मंचीय प्रस्तुति) |




अवध हॉस्पिटल चौराहे से तेलीबाग चौराहे तक 6.5 किलोमीटर वी0 आई0 पी0 रोड का नामकरण सन्त बाबा आसूदाराम मार्ग हुआ।
जिसका लोकार्पण लखनऊ की मेयर श्रीमती संयुक्ता भाटिया, कैण्ट क्षेत्र के विधायक श्री सुरेश तिवारी एवं उ0प्र0 सिंधी अकादमी के उपाध्यक्ष नानक चन्द्र लखमानी द्वारा किया गया।

JAI SAKHI BABA
युक्ति भक्ति मुक्ति
SHIV SHANTI SANT ASUDARAM ASHRAM, LUCKNOW

# शिव शान्ति सन्त आसूदाराम आश्रम

संत बाबा आसूदाराम मार्ग, आलमबाग, लखनऊ।

Email : sakhibaba1@gmail.com, Website : www.jaisakhibaba.com

मोबाइल न0. 9336246568, 9307295152, 9312784148

8858888858 | Shiv Shanti Sant Asudaram Ashram Lucknow India | YouTube Shiv Shanti Sant Asudaram Ashram | (shiv_shanti_ashram) (sai_mohan_lal) (merijansml)

